एआई के साथ डीप टेक का भी नेतृत्व करेगा यूपी : योगी

मुख्यमंत्री ने आईबीएम के एआई इनोवेशन सेंटर का किया उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डीप टेक और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को राजधानी में स्थापित आईबीएम एआई गोवटेक इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत और डीबीटी जैसी पहलों के माध्यम से तकनीक का उपयोग कर सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा आईबीएम के बीच हुए एमओयू के लिए आईबीएम इंडिया के सीईओ डॉ. अरविंद कृष्ण और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के इस इनीशिएटिव को आगे बढ़ाने के लिए स्वयं यहां आकर अपना सकारात्मक योगदान दिया है। यह केंद्र विभिन्न विभागों में एआई आधारित समाधान विकसित करेगा। साथ ही स्कूल शिक्षा निदेशालय के सहयोग से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एआई साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

आईबीएम के एआई इनोवेशन सेंटर के उद्घाटन में मौजूद सीएम योगी व अन्य। -सूचना विभाग

उन्होंने आईआईटी कानपुर में डीप टेक और मेडटेक पर चल रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य बजट में रोबोटिक्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की व्यवस्था की गई है। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और बालिकाओं के ड्रॉपआउट कम करने में एआई आधारित विश्लेषण की सफलता का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने और क्वांटम कंप्यूटिंग में आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में आईबीएम के साउथ एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल, आईआईटी कानपुर के निदेशक मनिन्द्र अग्रवाल मौजूद रहे।

सीएम चार दिवसीय दौरे पर सिंगापुर और जापान रवाना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए। उनके साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सीएम के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद, सचिव अमित सिंह समेत कुल 18 लोगों की टीम भी गई है। सीएम के नेतृत्व में गई टीम 23-24 फरवरी तक सिंगापुर और 25-26 फरवरी को जापान के दौरे पर रहेगी। सिंगापुर दौरे में सीएम 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह प्रदेश में निवेश तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विकास के बारे में चर्चा करेंगे।

निवेश और कौशल विकास को देंगे नई रफ्तार

सीएम के इस दौरे का उद्देश्य यूपी और सिंगापुर के बीच आर्थिक सहयोग, संस्थागत साझेदारी और क्षेत्र-विशेष निवेश को नई गति देना है। इस दौरान सीएम सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात करेंगे। सिंगापुर यात्रा का समापन इन्वेस्ट यूपी मेगा रोडशो के साथ होगा, जिसमें डाटा सेंटर संचालक, लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर, नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियां, प्राइवेट इक्विटी फंड और संप्रभु संपत्ति कोष एक मंच पर एकत्र होंगे। ब्यूरो